**72ND ANNUAL GENERAL MEETING TO BE HELD OVER VIDEO CONFERENCE**

Notice is hereby given that the **72nd Annual General Meeting ("AGM") of the Members of ITI Limited will be held on Wednesday, 28th September 2022 at 11.30 am (IST)** through video conferencing ("VC")/Other Audio Visual Means ("OAVM") in compliance with applicable provisions of the Companies Act, 2013 and the rules notified thereunder and the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 read with all applicable circulars issued by the Ministry of Corporate Affairs (MCA) and Securities Exchange Board of India (SEBI), to transact the business that will be set forth in the Notice of the Meeting.

The VC / OAVM facility for the meeting shall be provided by Central Depository Services (India) Limited (CDSL) to transact the business set out in the Notice convening the AGM. The members can attend and participate in the AGM only through VC / OAVM as no provision has been made to attend the AGM in person. The attendance through VC / OAVM will be counted for the purpose of reckoning the quorum for the AGM.

In compliance with the MCA & SEBI Circular(s), the Notice setting out the business to be transacted at the AGM together with the Annual Report of the Company for the year 2021-22 will be sent electronically to those members whose email address is registered with the Company / Depository Participant(s). The Notice of the AGM and the Annual Report will also be available on the Company's website at www.itiltd.in and on the website of the Stock Exchanges, ie, BSE Limited and National Stock Exchange of India Limited at www.bseindia.com and www.nseindia.com respectively, and on the website of CDSL at https://www.evotingindia.com.

**For registration of Email ID of Member :**

i. In case, the member's email ID is already registered with the Company/ its RTA/ Depositories, log in details for e-voting will be sent on the registered email address.
ii. In case the members have not registered their email address, they are requested to register their email address as follows :
- **Members holding shares in physical mode** are requested to furnish their email addresses and mobile numbers with Integrated Registry Management Services Private Limited, Registrar and Share Transfer Agent (RTA) of the Company at irg@integratedindia.in.
- **Members holding shares in dematerialize mode,** are requested to register their email addresses and mobile numbers with the relevant depositories through their depository participants.

**Manner of casting vote(s) through e-voting and joining the AGM through VC/OAVM:**

Members will have an opportunity to cast their vote(s) on the business as set out in the Notice of the AGM through remote e-voting facility ("remote e-voting"). The facility for e-voting will also be made available during the AGM to those members who could not cast their vote(s) through remote e-voting. The detailed procedure for e-voting before as well as during the AGM is provided in the Notice of AGM.

**Manner of registering KYC including bank details:**

(a) **For shares held in physical form -** SEBI vide circular dated 03rd November 2021, mandated registration of PAN, KYC details and Nomination for members holding shares in physical form. Therefore, members holding shares in physical form are requested to submit their PAN, KYC details including bank details and nomination details to Registrar and Transfer Agent at Integrated Registry Management Services Private Ltd., 30, Ramana Residency, 04th Cross, Sampige Road, Malleswaram, Bengaluru - 560 003, or through email at irg@integratedindia.in by sending a duly filled in Form- ISR -1 and other relevant forms available on the website of the Company at www.itiltd.in.
(b) **For shares held in dematerialized form -** with the Depository Participant where the demat account is maintained as per the process advised by your Depository Participant.

Members are requested to carefully read all the notes set out in the Notice of the AGM and in particular, instructions for joining the AGM and manner of casting vote through remote e-voting and e-voting at the AGM.

The Notice of 72nd AGM will be sent to the Shareholders in accordance with the applicable laws on their registered email addresses in due course.

**By the order of the Board**
**For ITI Limited**

**Place: Bengaluru**
**Date: 18th August 2022**
**(S Shanmuga Priya)**
**Company Secretary**

# कर्नाटक में कांग्रेस एकजुट, अकेले और सामूहिक नेतृत्व में लड़ेंगे विधानसभा चुनाव : शिवकुमार

## आगामी विधानसभा चुनाव में 135 से अधिक सीट जीतकर कांग्रेस बनायेगी सरकार



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/नई दिल्ली। कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डी के शिवकुमार ने राज्य में पार्टी के एकजुट होने का दावा करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि अगले साल होने वाला विधानसभा चुनाव अकेले और सामूहिक नेतृत्व में लड़ा जाएगा तथा कांग्रेस 224 सदस्यीय विधानसभा में 135 से अधिक सीटें हासिल करेगी।

उन्होंने एक साक्षात्कार में यह भी कहा कि उन्हें इस बात की बहुत ज्यादा परवाह नहीं है कि मुख्यमंत्री कौन होगा क्योंकि उनकी जिम्मेदारी कर्नाटक की भलाई के लिए कांग्रेस को जीत दिलाने की है। पिछले कुछ महीनों के दौरान कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्दरामैया और शिवकुमार के बीच मतभेद की खबरें आई हैं। दोनों कांग्रेस की ओर से मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदार माने जाते हैं। राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है और कांग्रेस मुख्य विपक्षी दल की भूमिका में है। प्रदेश में अगले साल के मध्य में विधानसभा चुनाव होने हैं।

शिवकुमार ने दावा किया कि कर्नाटक की भारतीय जनता पार्टी की सरकार हर मोर्चे पर पूरी तरह से विफल रही है और उसे पता है कि वह चुनाव नहीं जीत रही है, इसलिए वह ध्रुवीकरण का सहारा ले रही है।

विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बारे में पूछे जाने पर शिवकुमार ने कहा, जिस दिन से मैंने प्रदेश अध्यक्ष पद की कमान संभाली, उसी दिन से मैं विधानसभा चुनाव को लक्ष्य बनाये हुए हूं। मैं यह पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि कर्नाटक में डबल इंजन की सरकार कोई योगदान नहीं दे रही है। लोग भी महसूस करते हैं कि कर्नाटक में कोई शासन नहीं है और यह देश में भ्रष्टाचार की राजधानी' बन गया है। सिद्धरमैया की मुख्यमंत्री पद की दावेदारी से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा, मुझे इस बात की ज्यादा परवाह नहीं है कि कौन मुख्यमंत्री बनता है, कौन नहीं। मुझे जिम्मा मिला है कि कर्नाटक में कांग्रेस की जीत के लिये काम करना चाहिए ताकि राज्य का भला हो सके और लोगों को अच्छा शासन मिल सके।'' मुख्यमंत्री पद के चेहरे संबंधी सवाल पर शिवकुमार ने कहा, कांग्रेस सामूहिक नेतृत्व के साथ चुनाव लड़ेगी। यह पार्टी का फैसला है, यही निर्देश मुझे दिया गया है। प्रेम और पूरी टीम भावना के साथ यह सुनिश्चित करूंगा कि हम एकजुट रहें। हमारा सामूहिक नेतृत्व होगा।

टिकट वितरण से संबंधित सवाल पर उनका कहना था, कर्नाटक (कांग्रेस) में कोई गुटबाजी नहीं है। कर्नाटक (कांग्रेस) एकजुट है। हम सभी साथ बैठेंगे। सिर्फ चुनाव जीतने की संभावना (टिकट का) एकमात्र आधार होगा। हम टिकट देने में युवाओं और महिलाओं को सामने लाकर सामाजिक असंतुलन दूर करेंगे। हम सभी साथ बैठकर टिकट वितरण को लेकर सर्वसम्मति से फैसला करेंगे।' कर्नाटक में पिछले कई महीनों से ध्रुवीकरण के मुद्दों के हावी रहने को लेकर उन्होंने भाजपा पर निशाना साधा और दावा किया कि अच्छा शासन देने और विकास में विफल रहने के कारण सत्तारूढ़ पार्टी ध्रुवीकरण का सहारा ले रही है। उन्होंने कहा, 'भाजपा के लोग जानते हैं कि वे अपनी जिम्मेदारी पूरी करने में विफल रहे हैं और उनकी सरकार अब नहीं आने वाली है। इसी कारण वे सांप्रदायिक तनाव पैदा करने और ध्रुवीकरण करने का प्रयास कर रहे हैं।' यह पूछे जाने पर कि कांग्रेस ध्रुवीकरण की काट कैसे ढूंढेगी, उन्होंने कहा, 'हमारा मुख्य लक्ष्य यह है कि राज्य के लोग सुरक्षित रहें, शांति कायम रहे, सरकार विकासोन्मुखी हो तथा विकास पर ध्यान दे। हम भाजपा की तरह नकारात्मक मार्ग पर नहीं जाएंगे बल्कि कर्नाटक के विकास पर ध्यान देंगे।' उन्होंने दावा किया, कर्नाटक सरकार में 40 प्रतिशत कमीशन का बोलबाला है। कोविड के समय भ्रष्टाचार हुआ, रोजगार में भ्रष्टाचार है। राज्य में बेरोजगारी एक बड़ा मुद्दा है। इसलिए लोग महसूस करते हैं कि राज्य में नयी सरकार होनी चाहिए। शिवकुमार के अनुसार, आगामी चुनाव में भ्रष्टाचार सबसे बड़ा मुद्दा होगा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कांग्रेस आगामी विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी और 224 सदस्यीय विधानसभा में 135 से अधिक सीटें हासिल करेगी।

बसवराज बोम्मई सरकार के कुछ मंत्रियों की ओर से अपनी ही सरकार पर सवाल खड़ा करने संबंधी कथित बयानों पर उन्होंने कहा, 'सच्चाई बाहर आ चुकी है। आप सच को नहीं छिपा सकते।' हाल ही में निकाले गए कांग्रेस के 'फ्रीडम मार्च' में उमड़ी भीड़ से उत्साहित शिवकुमार ने कहा, 'यह एक गैर राजनीतिक यात्रा थी। हमने सबसे इसमें शामिल होने का आग्रह किया था। मैं बहुत खुश हूं कि इस मार्च में शामिल लोगों में 70 प्रतिशत से अधिक लोग युवा थे। इस यात्रा में 2.5 लाख से अधिक लोग शामिल हुए।'

कर्नाटक में वी डी सावरकर की तस्वीर से जुड़े विवाद पर उन्होंने कहा, भाजपा के लोग ध्यान भटकाने का प्रयास कर रहे हैं। सावरकर कहीं भी मुद्दा नहीं हैं। भाजपा के लोग स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास को नहीं बदल सके और देश के लिए गांधी परिवार के योगदान से जुड़े इतिहास को भी वे नहीं बदल सकते।

## दो दिवसीय राज्यस्तरीय चार्टर्ड एकाउन्टेंट सम्मेलन आज से

बेंगलूरु। शहर में18वां कर्नाटक राज्य स्तरीय चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट सम्मेलन पैलेस गाउन्ड में शुक्रवार से शुरु हो रहा है। इसके बारे में जानकारी देते हुए इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स ऑफ इंडिया के साउथ इंडियन रेजीनल कमेटी के बेंगलूरु ब्रांच के अध्यक्ष टी. श्रीनिवास ने बताया कि यह सम्मेलन थीम 'ज्ञान संगम' के रूप में बेंगलूरु पैलेस में आयोजित किया जा रहा है। बेंगलूरु ब्रांच में 14900 चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट हैं वहीं 40 हजार विद्यार्थी सीए की पढाई कर रहे हैं। विश्व में भारत का सीए एसोसिएशन दूसरे नम्बर पर आता है। ज्ञान संगम में मुख्य चर्चा के विषय टैक्स, जीएसटी, इंकम टैक्स, सर्विस टैक्स, आडिट होंगे।

## परिवार के तीन लोग घर में मृत मिले

बेंगलूरु। दक्षिण विभाग के कोनंन कुंटे पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक ही परिवार के तीन लोगों की आत्महत्या की खबर प्रकाश में आई है। पुलिस के अनुसार कोनंनकुंटे में रहने वाले महेश कुमार (44), पत्नी ज्योति (28) पुत्र नंदीश गौड़ा (8) को उनके घर में मृत पाया गया। जानकारी के अनुसार महेश कुमार पंखे से लटके मिले वहीं पत्नी और पुत्र पलंग पर मृत पड़े मिले। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पत्नी और पुत्र की मौत कैसे हुई इसके बारे में पता कर रही है। वही जानकारी के अनुसार महेश कुमार कैंसर रोग से पीड़ित थे।



गुरुवार को मदिकेरी में विपक्ष के नेता सिद्दरामैया कांग्रेस कार्यकर्ताओं का अभिवादन करते हुए।

# सिद्दरामैया को कोडागु यात्रा के दौरान भाजयुमो के विरोध का सामना करना पड़ा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मेदिकेरी। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्दरामैया को बृहस्पतिवार को अपने उस कथित बयान को लेकर यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की युवा शाखा के कार्यकर्ताओं के विरोध का सामना करना पड़ा, जिसमें उन्होंने सवाल किया था कि शिवमोगा के एक मुस्लिम इलाके में हिंदुत्व विचारक वी. डी. सावरकर की तस्वीर क्यों लगाई गई। विरोध के दौरान कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई।

सिद्दरामैया हाल में हुई बारिश के कारण हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए आज कोडागु के जिला मुख्यालय शहर मेदिकेरी गए थे। बारिश के कारण कई लोगों की मौत हुई है और मकानों, फसलों तथा बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है। पूर्व मुख्यमंत्री का वाहन जैसे ही जनरल के. एस. थिमैया मार्ग से गुजरा, भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेता के काफिले को रोकने की कोशिश की। उन्होंने उन्हें काले झंडे दिखाए और 'सिद्धरमैया वापस जाओ' के नारे लगाए। यह भी पता चला है कि किसी प्रदर्शनकारी ने पूर्व मुख्यमंत्री की कार पर अंडे फेंके।

उन्होंने सिद्दरामैया को सावरकर की तस्वीरें दिखाईं। प्रदर्शनकारियों को काबू में करने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) की कोडागु इकाई ने सोशल मीडिया पर कुछ संदेश साझा किए, जिनमें पढ़ा जा सकता है, सिद्धु खान ने कोडागु में प्रवेश किया है–कोडागु अपवित्र हो गया। कोडागु में नरसंहार करने वाले टिपू सुल्तान के अनुयायी सिद्धु खान वापस जाओ।

गौरतलब है कि 15 अगस्त को शिवमोगा में एक मस्जिद के निकट कुछ लोगों ने सावरकर की तस्वीर लगा दी थी, जिससे कस्बे में तनाव की स्थिति पैदा हो गई थी। राजस्थान के रहने वाले और शिवमोगा में एक दुकान में काम करने वाले प्रेम सिंह नामक व्यक्ति को चाकू मार दिया गया था। झड़प के बाद, जिला प्रशासन ने अगले तीन दिनों के लिए निषेधाज्ञा लागू कर दी थी और 16 अगस्त को एक दिन के लिए स्कूल बंद करने की घोषणा की थी। सिंह को चाकू मारने के आरोप में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने एक आरोपी के पैर में गोली लगने के बाद उसे हिरासत में ले लिया क्योंकि उसने उसे गिरफ्तार करने गए पुलिसकर्मियों पर कथित तौर पर हमला करने की कोशिश की थी। अगले दिन इस सिलसिले में भद्रावती कस्बे में बजरंग दल के एक कार्यकर्ता को चाकू मार दिया गया था और इस संबंध में एक युवक को गिरफ्तार किया गया था।

## कर्नाटक सरकार ने सभी विद्यालयों और पीयू महाविद्यालयों में राष्ट्रगान अनिवार्य किया

बेंगलूरु। कर्नाटक सरकार ने एक आदेश जारी कर राज्य के सभी विद्यालयों और प्री–यूनिवर्सिटी (पीयू) महाविद्यालयों में छात्र–छात्राओं के लिए प्रत्येक दिन सुबह राष्ट्रगान का सामूहिक गायन अनिवार्य कर दिया है। राज्य सरकार की ओर से 17 अगस्त को जारी किया गया यह आदेश सभी सरकारी, वित्त पोषित और निजी विद्यालयों के अलावा प्री–यूनिवर्सिटी महाविद्यालयों पर लागू होगा। कर्नाटक सरकार के आदेश के मुताबिक इस संबंध में सरकारी आदेश लागू होने के बावजूद बेंगलुरु के कुछ प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय सुबह की प्रार्थना के दौरान राष्ट्रगान का सामूहिक गायन नहीं कर रहे हैं। सरकार को इस संबंध में शिकायतें भी प्राप्त हुई हैं। इस संबंध में शिकायतें मिलने के बाद लोक निर्देश विभाग के बेंगलुरु उत्तर और दक्षिण डिवीजन के उप निदेशकों ने संबंधित विद्यालयों का दौरा किया और इस बात की पुष्टि की कि सुबह की प्रार्थना में राष्ट्रगान का गायन संबंधित विद्यालयों में नहीं हो रहा था। राज्य सरकार ने कर्नाटक शिक्षा अधिनियम की धारा 133(2) के तहत राष्ट्रगान के संबंध में यह आदेश जारी किया है।

## मंगलूरु अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से 11.78 लाख रुपये का सोना जब्त

मंगलूरु। कर्नाटक में मैंगलुरु अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर एक यात्री के पास से 24 कैरेट शुद्धता का 224 ग्राम सोना जब्त किया गया है। सीमा शुल्क विभाग की ओर से एक विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी गयी। विज्ञप्ति के मुताबिक, जब्त किए गए सोने की कीमत 11,78,240 रुपये है। भटकल का रहने वाला यह शख्स बुधवार को दुबई से स्पाइसजेट के विमान के जरिए मंगलूरु अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पहुंचा था। सोना एक अंडाकार वस्तु से निकाला गया था जिसे यात्री ने अपने शरीर के भीतर छिपा रखा था। इस मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

## मलेशिया में कार्यालय खोलेगी एचएएल

बेंगलूरु। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने कुआलालंपुर (मलेशिया) में एक कार्यालय स्थापित करने के लिए समझौता किया है। बेंगलूरु स्थित कंपनी ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि मलेशिया में कार्यालय खोलने से एचएएल को फाइटर लीड–इन ट्रेनर (एफएलआईटी) एलसीए और सु–30 एमकेएम जैसी रॉयल मलेशियाई वायु सेना (आरएमएएफ) की अन्य आवश्यकताओं के लिए नए व्यावसायिक अवसरों का दोहन करने में मदद मिलेगी। बयान में कहा गया, 'इससे मलेशिया में स्थायी एयरोस्पेस और रक्षा परिदृश्य के लिए मलेशियाई रक्षा बलों और उद्योग का समर्थन करने में भारत की प्रतिबद्धता को मजबूती मिलेगी।' एचएएल भारत में निर्मित हल्के लड़ाकू विमान तेजस और सैन्य हेलीकॉप्टर की बिक्री के लिए मलेशिया, वियतनाम, इंडोनेशिया और श्रीलंका में संभावनाएं तलाश रही है।

## कानून की छात्रा का यौन शोषण : आरोपी वकील के विरुद्ध आरोपपत्र दायर

मंगलूरु। कर्नाटक के मंगलूरु में पुलिस ने, कानून की एक छात्रा का यौन शोषण करने के आरोपी वकील के. एस. एन. राजेश भट के विरुद्ध न्यायिक प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट अदालत में आरोपपत्र दायर किया है। भट पर आरोप है उसने अपने अधीन इंटर्नशिप' कर रही कानून की छात्रा का यौन उत्पीड़न किया। घटना कथित तौर पर 25 सितंबर 2021 को आरोपी के कार्यालय में हुई थी। पीड़िता उस समय बच निकलने में कामयाब हो गई थी लेकिन वकील ने उसे शिकायत दर्ज कराने के विरुद्ध धमकी दी। आरोपपत्र में दर्ज है कि आरोपी ने अपने कार्यालय के सीसीटीवी फुटेज को मोबाइल फोन से जोड़कर रखा था और वह पीड़िता पर नजर रखता था। आरोपपत्र में अनंत भट और अच्युत भट नामक दो व्यक्तियों का भी जिक्र है जिन्होंने पीड़िता के शिकायत दर्ज कराने के बाद आरोपी को भागने में मदद की। आरोपपत्र में कुल 110 लोगों को चश्मदीद के तौर पर शामिल किया गया है। मामले की जांच शुरुआत में एसीपी रंजीत बंडारू कर रहे थे और बाद में इसकी कमान एसीपी दिनकर शेट्टी ने अपने हाथ में ले ली और आरोपपत्र दायर किया।



गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में एक बैठक के दौरान भाजपा के प्रभारी अरुणसिंह एवं प्रदेशाध्यक्ष नलिनकुमार कटिल।

# दक्षिण में मजबूत हुई है भाजपा : अरुणसिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं कर्नाटक प्रभारी अरुणसिंह ने प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक का उद्घाटन भाजपा के प्रदेश कार्यालय जगन्नाथ भवन में मंगलवार को किया।

प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एमजी महेश ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से केन्द्रीय संसदीय बोर्ड की समिति में पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येडियुरप्पा और राष्ट्रीय चुनाव समिति में बीएस संतोष की नियुक्ति का स्वागत किया। इस मौके पर अरुणसिंह ने कहा कि दक्षिण भारत में भाजपा को ताकत मिलेगी। कर्नाटक की राजनीति में शानदार काम करने का मौका मिला है। कर्नाटक के हर बूथ को कम से कम 50 से ज्यादा वाले वोट में तब्दील किया जाए। उसके लिए राज्य और जिले के अधिकारियों में महीने में 15 दिन बूथ क्षेत्र की यात्रा करने की बात उन्होंने कही।

पार्टी अनुशासनहीनता को बर्दाश्त नहीं करेगी। पार्टी के मुद्दों पर चर्चा करना अनुशासित भाजपा कार्यकर्ता की निशानी है। सभी को विकास और काम को प्राथमिकता देनी चाहिए।

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष और सांसद नलिन कुमार कटिल के साथ मिलकर पार्टी के कार्यकर्ताओं के संग वर्तमान घटनाक्रम के बारे में बैठक में बातचीत हुई।

बैठक में वीर सावरकर को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा वोट बैंक की राजनीति की निंदा की गई। उन्होंने तुष्टिकरण के लिए कांग्रेस द्वारा वीर सावरकर पर कांग्रेस पार्टी के रुख की कड़ी निंदा की। अगले एक महीने के लिए राज्य के दौरे तय किए जाएंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि सितम्बर के पहले सप्ताह से अक्टूबर के मध्य तक मुख्यमंत्री और प्रदेशाध्यक्ष को 50–50 विधानसभा क्षेत्रों का दौरा करना चाहिए। राज्य कार्यकारिणी की बैठक 10 व 11 सितम्बर को बेंगलूरु में होनी है। आगामी चुनाव में राज्य विधानसभा में 145 से अधिक सीटें जीतने का प्रण सभी ने बैठक में लिया।



बेंगलूरु में गुरुवार को राजभवन में राज्यपाल थावरचन्द गहलोत से मुलाकात करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येडियुरप्पा।

# शिक्षकों के निरंतर प्रयासों से सार्वजनिक स्कूल प्रणाली में दिखे सकारात्मक नतीजे

## शिक्षकों के प्रयासों पर अजीम प्रेमजी फाउंडेशन ने किया अध्ययन

बेंगलूरु। कोविड महामारी के दौरान स्कूलों के बन्द रहने की वजह से बच्चों में सीखने का नुकसान हुआ है। इस नुकसान की भरपाई के लिए शिक्षकों ने जो प्रयास किए हैं उनको जानने के लिए अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन ने जनवरी से अप्रैल 2022 के बीच एक अध्ययन किया। यह अध्ययन 5 राज्यों के 41 ज़िलों के 108 स्कूलों में कियागया। जिसमें 108 शिक्षक और दूसरी से पाँचवीं कक्षा के 1644 विद्यार्थी शामिल थे। पिछले अध्ययनों से यह साफ़ हो चुका है कि महामारी के दौरान विद्यार्थियों में सीखने का भारी नुक़सान हुआ था चाहे वे किसी भी वर्ग के हो या किसी भी इलाक़े के रहने वाले हों। स्कूल में शिक्षकों की मुख्य भूमिका को देखते हुए यह भी स्पष्ट है कि सीखने में हुए इस नुक़सान की भरपाई में शिक्षकों की भूमिका सबसे महत्त्वपूर्ण होगी। ऐसे में मौजूदा अध्ययन का उद्देश्य यह देखना था कि सीखने के नुक़सान की भरपाई के लिए शिक्षकों द्वारा लगातार की गई कोशिशों से कुछ शुरुआती सफलताएँ मिली थीं अथवा नहीं। अध्ययन के लिए कुछ चुने हुए शिक्षकों के प्रयासों का अवलोकन किया गया जिन्होंने सार्वजनिक स्कूल व्यवस्था की बंदिशों के बावजूद विद्यार्थियों के सीखने के प्रति लगातार प्रतिबद्धता ज़ाहिर की है। इसके पीछे उद्देश्य यह था कि इन शिक्षकों के प्रयासों की और साथ ही, सीखने की भरपाई के लिए ज़रूरी व्यवस्था गत मदद की पहचान की जा सके।

सीखने की भरपाई के सन्दर्भ में शिक्षकों के द्वारा किए जा रहे प्रयासों को समझने के लिए भाषा व गणित में विद्यार्थियों की कुछ निश्चित दक्षताओं का बेस लाइन व एंड लाइन मूल्यांकन किया गया। ये दक्षताएँ विद्यार्थियों की मौजूदा कक्षा से दो कक्षा पहले तक की योग्यताओं के समकक्ष थीं। अध्ययन में दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों के मामले में नीचे की एक ही कक्षा के सम कक्ष दक्षताओं का मूल्यांकन किया गया है।

# कांग्रेस नेता पाटिल ने भाजपा को येडीयुरप्पा को मुख्यमंत्री का चेहरा बनाने की चुनौती दी

बेंगलूरु। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एम बी पाटिल ने बृहस्पतिवार को भाजपा पर 2023 के कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले कद्दावर नेता बी एस येडीयुरप्पा को अपने शीर्ष निर्णायक निकाय में नियुक्त कर अपने अस्तित्व को 'बचाने' के लिए उनका इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। उन्होंने भाजपा को इसके बजाय येडीयुरप्पा को विधानसभा चुनाव में पार्टी का चेहरा बनाने की चुनौती दी।



उन्होंने कहा कि येडीयुरप्पा को उनकी उम्र को वजह बताते हुए मुख्यमंत्री पद से हटने के लिए बाध्य किया गया । उन्होंने प्रश्न किया कि लेकिन अब जब उन्हें भाजपा के संसदीय बोर्ड एवं केंद्रीय चुनाव समिति में शामिल किया गया है तब क्या उनकी उम्र कोई कारक नहीं है। पाटिल प्रदेश कांग्रेस चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष हैं और उन्हें पार्टी का लिंगायत चेहरा भी समझा जाता है। उन्होंने यह दलील खारिज कर दी कि भाजपा के शीर्ष निकाय में येडीयुरप्पा को शामिल करने से लिंगायत वोटों को आकर्षित करने की कांग्रेस की संभावना प्रभावित होगी ।

उन्होंने कहा कि यह समुदाय इन कद्दावर लिंगायत शख्स की सेवाओं का इस्तेमाल करने का सत्तारूढ़ दल का खेल पूरी समझता है और उसे पता है कि यह बस चुनाव की खातिर किया गया है। प्रभावशाली लिंगायत समुदाय भाजपा का एक बहुत बड़ा वोट बैंक है। येडीयुरप्पा एवं पाटिल इसी समुदाय से आते हैं।

पाटिल ने संवाददाताओं से कहा, 'वैसे तो यह भाजपा का अंदरूनी मामला है लेकिन यह ज्ञात तथ्य है कि येडीयुरप्पा को 75 साल की उम्र पार कर जाने का हवाला देते हुए (पद से) हटने के लिए कहा गया था लेकिन अब उन्हें शीर्ष निकायों में शामिल किया गया है.... दरअसल मैं जो महसूस करता हूं , वह यह है कि भाजपा की ओर से येडीयुरप्पा के लिए यह विशेष प्यार इस राज्य में वजूद मिटने की कगार पर पहुंच गयी पार्टी को प्राण वायु देने की कोशिश भर है।'

उन्होंने कहा कि सर्वेक्षणों, जनमत एवं मीडिया राय, हाल के घटनाक्रम, तथा जिस तरीके से सरकार चल रही है और सिद्दरामैया के भव्य 75 वें जन्मदिवस कार्यक्रम जैसी बातों ने भाजपा को चिंता में डाल दिया है। उन्होंने कहा, 'यह कोई येडीयुरप्पा के लिए या उन्हें सम्मान देने के लिए नहीं किया गया है बल्कि भाजपा के वजूद को बचाने के लिए उनका अगले चुनाव के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है।' भाजपा ने बुधवार को 79 वर्षीय येडीयुरप्पा को संसदीय बोर्ड एवं केंद्रीय चुनाव समिति में नियुक्त करने की घोषणा की। पाटिल ने कहा कि 'लोग मूर्ख नहीं हैं और वे हकीकत समझते हैं।' उन्होंने कहा, 'यदि आपको (भाजपा को) येडीयुरप्पा के प्रति इतना ही प्यार एवं सम्मान है तो आपने उन्हें मुख्यमंत्री पद से क्यों हटाया?.... घोषणा कीजिए कि आप एक बार फिर उन्हें मुख्यमंत्री बनायेंगे, भाजपा ऐलान करे कि वह पार्टी के मुख्यमंत्री पद का चेहरा हैं।'


ITI

### आईटीआई लिमिटेड

सीआईएन: एल32202केए1950जीओआई000640
पंजीकृत एवं निगमित कार्यालय: आईटीआई भवन, दूरवाणीनगर, बेंगलुरु – 560 016
वेबसाइट: www.itiltd.in; ई-मेल: cosecy_crp@itiltd.co.in
टेलीफोन: +91 (80) 2561 7486; फैक्स: +91 (80) 2561 7525

**72वाँ वार्षिक आम बैठक का वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से आयोजन**

एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) तथा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा जारी सभी लागू परिपत्रों के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 के लागू प्रावधानों एवं उसके अध्याधीन अधिसूचित नियमों एवं भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के अनुसरण में बैठक के नोटिस में निर्धारित व्यवसाय संव्यवहारों के लिए आईटीआई लिमिटेड के सदस्यों की 72वाँ **वार्षिक आम बैठक (एजीएम) का आयोजन बुधवार, दिनांक 28 सितम्बर, 2022 को प्रात: 11.30 बजे (भारतीय मानक समय) वीडियो कांफ्रेंस ("वीसी") /अन्य ऑडियो विजुअल माध्यम ("ओएवीएम")** से किया जाएगा।

वार्षिक आम बैठक के नोटिस में निर्धारित व्यवसाय संव्यवहारों के उद्देश्य से बैठक के लिए वीडियो कांफ्रेंस ("वीसी") /अन्य ऑडियो विजुअल माध्यम ("ओएवीएम") सुविधा की व्यवस्था सेन्ट्रल डिपोजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड द्वारा की जा रही है। वार्षिक आम बैठक के लिए सदस्यों की स्वयं उपस्थिति के लिए प्रावधान नहीं किए गए हैं अत: सदस्य इस बैठक में केवल वीडियो कांफ्रेंस / अन्य ऑडियो विजुअल माध्यम के माध्यम से ही भाग ले पाएंगे। वार्षिक आम बैठक के लिए कोरम पूर्ति हेतु गणना की प्रक्रिया वीडियो कांफ्रेंस /अन्य ऑडियो विजुअल माध्यम से की जाएगी।

कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय तथा सेबी के परिपत्र (परिपत्रों) के अनुसरण में कम्पनी की वर्ष 2021-22 की वार्षिक रिपोर्ट के साथ वार्षिक आम बैठक में किए जाने वाले व्यवसाय संव्यवहारों की सूचना उन सदस्यों को इलेक्ट्रानिक स्वरूप में भेज दी जाएगी जिनके ईमेल पते कम्पनी /डिपोजिटरी पार्टिसिपेंट (पार्टिसिपेंटों) के पास पंजीकृत हैं। वार्षिक आम सभा का नोटिस तथा वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट www.itiltd.in तथा स्टॉक एक्सचेंजों यथा बीएसई लिमिटेड एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइटों क्रमश: www.bseindia.com एवं www.nseindia.com पर तथा सीडीएसएल की बेबसाइट https://www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध होगी।

**सदस्यों के ईमेल पते के पंजीकरण के लिए :**

i. जिन सदस्यों के ईमेल पते कम्पनी / कम्पनी के आरटीए/ डिपोजिटरी के पास पंजीकृत हैं उनके पंजीकृत ईमेल पते पर ई-वोटिंग के लिए लॉगिन विवरण भेज दिया जाएगा।

ii. जिन सदस्यों ने अपना ईमेल पते का पंजीकरण नहीं किया है उनसे यह अनुरोध है कि वे कृपया निम्नानुसार अपने ईमेल पते का पंजीकरण करवा लें :

- **भौतिक स्वरूप में शेयरों का धारण करने वाले सदस्यों** से यह अनुरोध है कि वे कृपया कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) इंटिग्रेटिड मैनेजमेंट सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड को अपना ईमेल पता तथा मोबाइल नम्बर irg@integratedindia.in पर सूचित करें।
- **डिमेट स्वरूप में शेयरों का धारण करने वाले सदस्यों** से यह अनुरोध है कि वे कृपया अपने डिपोजिटरी पार्टिसिपेंट के माध्यम से संबंधित डिपोजिटरी के पास अपना ईमेल पता और मोबाइल नम्बर पंजीकृत करवाएं।

**ई-वोटिंग के माध्यम से वोट देने तथा वीडियो कांफ्रेंसिंग /अन्य ऑडियो विजुअल माध्यम से वार्षिक आम बैठक में भाग लेने की विधि :**

सदस्य रिमोट ई-वोटिंग सुविधा ("रिमोट ई-वोटिंग") के माध्यम से वार्षिक आम सभा के नोटिस में निर्धारित व्यवसाय संव्यवहारों पर वोट दे सकेंगे। ई-वोटिंग की यह सुविधा उन सदस्यों को वार्षिक आम बैठक के आयोजन के अवसर पर भी उपलब्ध होगी जो रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट नहीं दे पाए हैं। वार्षिक आम बैठक के आयोजन से पूर्व तथा आयोजन के दौरान ई-वोटिंग किए जाने की विस्तृत प्रक्रिया वार्षिक आम बैठक के नोटिस में दी गई है।

**बैंक विवरण सहित केवाईसी (KYC) पंजीकरण की विधि:**

(क) **भौतिक स्वरूप में शेयरों का धारण करने वाले** – सेबी द्वारा जारी दिनांक 3 नवम्बर, 2021 के परिपत्र में शेयरों का धारण भौतिक स्वरूप में करने वाले सदस्यों के लिए अपने पैन (PAN), केवाईसी (KYC) विवरण एवं नामांकन का पंजीकरण किए जाने की अनिवार्यता की गई है। तदनुसार, शेयरों का भौतिक स्वरूप में धारण करने वाले सदस्यों से यह अनुरोध है कि वे कम्पनी की वेबसाइट www.itiltd.in पर उपलब्ध फार्म – आईएसआर – 1 एवं संबंधित फार्मों को विधिवत भरकर अपने पैन (PAN), केवाईसी (KYC) विवरण एवं नामांकन का विवरण रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट को उनके पते इंटीग्रेटिड रजिस्ट्री मैनेजमेंट सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड, 30, रामन्ना रेजिडेंसी, 4th क्रॉस, सेम्पिगे रोड, मालेश्वरम, बेंगलुरु – 560 003 पर अथवा उनके ईमेल पते पर भिजवाने की व्यवस्था करें।

(ख) **डिपोजिटरी पार्टिसिपेंट के पास अपने डिमेट खाते में डिमेट स्वरूप में शेयरों का धारण करने वाले** सदस्य अपने डिपोजिटरी पार्टिसिपेंट द्वारा सूचित की जाने वाली प्रक्रिया के अनुसार।

सदस्यों से यह अनुरोध है कि वे वार्षिक आम बैठक के नोटिस में किए गए प्रत्येक उल्लेख, विशेष रूप से वार्षिक आम बैठक में भाग लेने तथा रिमोट ई-वोटिंग एवं वार्षिक आम बैठक में ई-वोटिंग के माध्यम से वोट देने की विधि, का सावधानीपूर्वक अध्ययन कर लें।

शेयरधारकों को उनके पंजीकृत ईमेल पते पर 72वाँ वार्षिक आम बैठक का नोटिस लागू कानून का अनुसरण करके विधिवत स्वरूप में भेज दिया जाएगा।

**निदेशक मंडल के आदेश से जारी**
**आईटीआई लिमिटेड के निमित**

**स्थान: बेंगलुरु** **(एस शनमुगा प्रिया)**
**दिनांक: 18 अगस्त 2022** **कंपनी सचिव**

